| |
|---|
| दिनांक 12.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 474/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना रसूलपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 हजार 520 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 11.09.2026 को थाना रसूलपुर, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान कनैटा से मोढा की ओर जाने वाली सर्विस रोड़ के पास बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त सनी उर्फ सनिया घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 10 हजार 520 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रसूलपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद व कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 17 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सनी उर्फ सनिया निवासी मोहल्ला खेमगंज गिहार कालोनी कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–10 हजार 520 रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बदायूं/थाना सिविल लाइन्स

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 79 लाख रूपये नगद**
- **लगभग 21 लाख रूपये (कीमत) की चोरी की पीली धातु के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 12.09.2026 को थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–आरिफ 2–वसीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 79 लाख रूपये नगद, लगभग 21 लाख रूपये (कीमत) की चोरी की पीली धातु के आभूषण, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये व आभूषण उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आरिफ निवासी गली नं0–06 इस्लामाबाद थाना लिसाढीगेट जनपद मेरठ।

2–वसीम निवासी पुर्वा अब्दुल थाना कोतवाली जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–चोरी के 79 लाख रूपये नगद।

2–लगभग 21 लाख रूपये (कीमत) की चोरी की पीली धातु के आभूषण ।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

**जनपद इटावा/थाना बकेवर**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **3200/–रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 इनवर्टर बरामद**

दिनांक 11/12.09.2026 की रात्रि थाना बकेवर व थाना चकरनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 06 अभियुक्तों 1–सत्यम कुमार 2–आशू कुमार 3–हर्ष बाबू 4–रिहान 5–अमन कुमार 6–अमन सोनी को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, 3200/–रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 इनवर्टर बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बकेवर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बकेवर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सत्यम कुमार निवासी कुम्हारन मुहाल बरी के नीचे लखना थाना बकेवर जनपद इटावा।

2–आशू कुमार निवासी कुम्हारन मुहाल बरी के नीचे लखना थाना बकेवर जनपद इटावा।

3–हर्ष बाबू निवासी काछियान मुहाल लखना थाना बकेवर जनपद इटावा।

4–रिहान निवासी खेड़ा मुहाल लखना थाना बकेवर जनपद इटावा।

5–अमन कुमार निवासी खेड़ा मुहाल लखना थाना बकेवर जनपद इटावा।

6–अमन सोनी निवासी मानखां मुहाल लखना थाना बकेवर जनपद इटावा।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–3200/–रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन।

4–01 इनवर्टर।

**जनपद सहारनपुर/थाना कुतुबशेर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **498 ग्राम अवैध चरस बरामद**

दिनांक 11.09.2026 को थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मानकमऊ नहर पटरी थरोली रोड निकट पानी की टंकी के पास से अभियुक्त आकिब को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 498 ग्राम अवैध चरस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आकिब निवासी मोहल्ला सराय मर्दान खजुर वाली गली थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–498 ग्राम अवैध चरस।

———————